2020

HINDI — GENERAL

Paper : GE/CC-1

(Hindi Sahitya Ka Itihas)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं ***दस*** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) सिद्ध साहित्य के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए।

(ख) परमाल रासो के रचयिता कौन हैं? यह किस काल की रचना है?

(ग) अमीर खुसरो की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(घ) ''रामचरितमानस'' किसकी रचना है? इसकी भाषा क्या है?

(ङ) जायसी कृत दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(च) ''बीजक'' के रचयिता कौन हैं? वह किस काव्यधारा के कवि हैं?

(छ) कृष्ण भक्तिधारा के किन्हीं दो प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(ज) ''सूरसागर'' के रचयिता कौन हैं? यह किस भाषा में रचित है?

(झ) विद्यापति की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ञ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र रचित दो काव्यकृतियों के नाम लिखिए।

(ट) द्विवेदीयुग के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(ठ) 'भारत-भारती' किस विधा की रचना है? इसके रचनाकार कौन हैं?

(ड) जयशंकर प्रसाद कृत दो काव्यग्रंथो के नाम लिखिए।

(ढ) महादेवी वर्मा किस युग की कवयित्री हैं? उनके किसी एक काव्यग्रंथ का नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) आदिकालीन हिन्दी साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

(ख) रामभक्ति धारा की सामान्य प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

(ग) प्रेमाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालिए।

(घ) भारतेन्दुयुगीन साहित्य की प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ) मैथिलीशरण गुप्त के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालिए।

3. किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) नाथ साहित्य

(ख) पद्‌मावत

(ग) मीराबाई

(घ) कबीरदास

(ङ) महावीर प्रसाद द्विवेदी